पुरानी रंजिश को लेकर हत्या करने का आरोपी गिरफ्तार

छबड़ा (निसं)। पुरानी रंजिश के चलते घात लगाकर हमला कर किशोर की हत्या करने वाले मुख्य आरोपी को छबड़ा पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। जहां से पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर लिया है। पुलिस शीघ्र ही हत्या से जुड़े अन्य आरोपियों का खुलासा करेगी।

थानाधिकारी राजेश खटाना ने बताया कि पांच दिसम्बर, 2024 को गोलू मीणा ने अपने साथियों के साथ मिलकर मोटरसाइकिल से अपनी दूकान से घर पर जा रहे अंकुश सेन व उसके भाई दिनेश सेन पर घात लगाकर लाठियों से अचानक हमला कर दिया था। जिसमें दोनों भाईयों को गंभीर अवस्था में छबडा चिकित्सालय में भर्ती कराया था लेकिन अंकुश की हालत नाजुक होने से उसे तुरंत ही कोटा रेफर कर दिया गया। 9 दिसंबर को महाराव भीमसिंह अस्पताल कोटा में अंकुश सेन की ईलाज के दौरान मृत्यु हो गई।

इस पर पुलिस अधीक्षक राजकुमार चौधरी के निर्देशन में राजेश कुमार चौधरी अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बारां व विकास कुमार वृताधिकारी वृत छबडा के सुपरविजन में राजेश कुमार खटाना थानाधिकारी के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। आरोपी गोलू मीणा घटना के बाद से ही फरार चल रहा था। पुलिस टीम द्वारा असाधारण आसूचना सकंलन करते हुए हत्या के आरोपी गोलू मीणा उर्फ विल्सन को तुरन्त ही गिरफ्तार कर लिया। घटना का मुख्य कारण पुरानी रंजिश बताया। आरोपी गोलू मीणा ने पूर्व में भी मृतक पक्ष के साथ मारपीट की थी। आरोपी गोलू मीणा के विरूद्ध पूर्व के भी करीब आधा दर्जन आपराधिक मामले दर्ज बताये जा रहे हैं।

आरोपी को न्यायालय से पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड प्राप्त किया गया है। थानाधिकारी खटाना ने बताया कि मुल0 से अन्य आरोपियों और घटना में प्रयुक्त हथियार के बारे में गहनता से पूछताछ की जा रही है। पुलिस टीम में राजेश खटाना थानाधिकारी, सुरेश कुमार एएसआई, कांस्टेबल रणवीर सिंह, कांस्टेबल हीर सिंह व कांस्टेबल दशरथ आदि शामिल रहे।

राजस्थान के बिजलीघर संयुक्त उपक्रमों को सौंपने के निर्णय पर आक्रोश

कोटा, (निसं)। राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में चार बड़े थर्मल, गैस एवं हाईडल बिजलीघरों को वर्षों से सफलतापूर्वक संचालित कर रहे राजस्थान राज्य विद्युत उत्पादन निगम लिमिटेड को एनटीपीसी एवं कोल इंडिया जैसे केंद्रीय उपक्रमों को सौंपने के निर्णय से बिजलीघरों में कार्यरत अभियंताओं, कर्मचारियों एवं ठेका श्रमिकों में गहरा आक्रोश है।

■ **प्रदेश के सभी थर्मल बिजलीघरों में 51 दिनों से विरोध प्रदर्शन जारी**

राजस्थान के बिजलीघर संयुक्त उपक्रमों को सौंपने के निर्णय का लगातार विरोध किया जा रहा है।

संयुक्त मोर्चा के संयोजक राकेश गुप्ता ने बताया कि बिजलीघरों में राजस्थान इंजीनियर्स एसोसिएशन, भारतीय मजदूर संघ, इंटक, राजस्थान विद्युत उत्पादन कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने एक बैठक में संयुक्त मोर्चा गठित कर राज्य सरकार के इस निर्णय के खिलाफ जनआंदोलन करने का निर्णय लिया है। जिसके पहले चरण में कोटा थर्मल, कालीसिंध थर्मल, छबड़ा थर्मल व सूरतगढ़ थर्मल में गत 51 दिनों से अभियंताओं एवं कर्मचारियों ने रोज शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन करते हुये मुख्यमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री को ज्ञापन भेजा। मोर्चा के प्रतिनिधिमंडल ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, ऊर्जा मंत्री हीरालाल नागर व पूर्व मंत्री विधायक शांति धारीवाल से भेंट कर जेवी के निर्णय पर जनहित में पुनर्विचार करने का आग्रह किया है।

विरोध प्रदेशन के दूसरे चरण में बुधवार को कोटा थर्मल के बाहर महिला अभियंता एक दिवसीय धरने पर बैठी। संयुक्त मोर्चा के सह संयोजक ललित कुमावत, रामसिंह शेखावत, रवि गौतम, मोहम्मद रफीक, सनत शेपका, वीरेंद्र कश्यप ने बताया कि सरकार के इस दुर्भाग्यपूर्ण निर्णय से थर्मल बिजलीघरों से सस्ती दरों पर मिल रही बिजली की दरें बढेगी, जिसका सीधा भार आम जनता पर पड़ेगा। साथ ही, केंद्रीय उपक्रम अभियंताओं व कार्मिकों की विद्युत निगम में हुई नियुक्ति की सेवा शर्तों में बदलाव कर छंटनी जैसे कदम उठा सकती है। इससे प्रदेश में युवाओं के रोजगार के अवसर और घट जायेंगे। मोर्चा के प्रवक्ता महेश चंद डागुर ने कहा कि सभी बिजलीघरों में कार्यरत अभियंता, तकनीकी कार्मिक एवं ठेका श्रमिक यूनिटों से नियमित विद्युत उत्पादन करते हुये निर्णय के विरूद्ध चरणबद्ध आंदोलन कर रहे हैं। सोमवार से संयुक्त मोर्चा द्वारा ज्वाइंट वेंचर (जेवी) के खिलाफ कोटा थर्मल के बाहर धरना प्रारंभ कर दिया गया, जिसके दूसरे दिन बुधवार को महिला अभियंता भी शामिल हो गईं। बडी संख्या में थर्मल के अभियंताओं, कर्मचारियों व ठेका श्रमिकों ने राज्य सरकार के हठधर्मितपूर्ण निर्णय का नारेबाजी कर विरोध किया। श्रमिकों ने कहा कि थर्मल पॉवर प्लांटों को बडी कंपनियों को सौंपने पर पुराने ठेके रद्द कर दिये जायेंगे, जिससे हजारों स्थानीय गरीब मजदूर बेरोजगार हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हाडौती में नये उद्योग लगाने की बजाय सस्ती दरों पर मांग से अधिक बिजली उत्पादन कर रहे बिजलीघरों को मनमानी ढंग से दूसरे हाथों में सौंपकर आम जनता के साथ खिलवाड़ कर रही है। यदि सरकार ने एकतरफा निर्णय पर पुनर्विचार नहीं किया तो इसे जन आंदोलन बनाकर प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को जागरूक किया जायेगा।

राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता में आयशा ने सिल्वर मेडल जीता

कोटा, (निसं)। 29वीं राष्ट्रीय जूनियर एथलेटिक्स प्रतियोगिता के 200 मीटर रेस के फाइनल में पहुंची कोटा की बेटी आयशा ने कोटा शहर की दुआओं को को साथ लेकर पिता का सपना पूरा किया है। अपने पिता मरहूम अब्दुल रहीम के सपनो को पूरा करने के लिए (भुवनेश्वर) ओड़िसा पहुंची बेटी ने अपनी मेहनत को साकार करते हुए 200 मीटर दौड़ के फाईनल में जगह बना ली।

विपरीत परिस्थितियों में अपने हौसलों को अपनी इच्छाशक्ति को मजबूत बनाकर 6 दिसंबर से सभी बाधाओं को पार करके आयशा ने अपने पिता के सपनों को पूरा किया और शहर का भी मान बढाया है।

पहल फाउंडेशन के राष्ट्रीय सचिव फारुख राणा ने बताया कि छावनी निवासी अब्दुल रहीम के सपने को पूरा करने के लिए उनकी बेटी नेशनल एथेलेटिक्स प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए उड़िसा गई, समाज ने उनका साथ दिया तो मनोबल बढ़ गया और पिता के सपनों को साकार करने के लिए बेटी आयशा ने पिता की मौत के गम के बावजूद सफलता हांसिल की।

जिन बच्चों को पंचर की दुकान लगाकर बडा खिलाडी बनाने का सपना लिए अब्दुल रहीम ने दिन रात एक किए थे वह सपना तो वह पूरा कर गए लेकिन उस सपने की जीत का उत्साह वह नहीं देख सके। नियति को कुछ और ही मंजूर था और अब्दुल रहीम की टायर फटने से मौत हो गई थी, जिसके बाद समाज के लोग आए और परिवार की आर्थिक मदद के साथ ही उनके साथ खडे रहे जिस कारण बच्चों का हौंसला बढ़ा और वह एक बार फिर पिता के सपने को पूरा करने के लिए निकल पड़े और जीत के साथ पिता को नमन किया। पिता ने पूरी मेहनत मजदूरी कर बच्चों को नेशनल तक पहुंचाया, पहले वह बच्चों प्रेक्टिस के लिए लेकर जाते थे, उसके बाद वह अपनी दुकान खोलते थे।

बेटी को उड़िसा में ओपन नेशनल खेलना था, लेकिन पिता की मौत से वह टूट गई थी, लेकिन समाज और शहरवासी आगे आए, बेटी का हौंसला बढ़ाया, पिता के सपने को पूरा करने के लिए दिल पर पत्थर रखकर इस चुनौती को स्वीकार किया और सफलता हांसिल की।

आयशा की छोटी बहन शाजिया और भाई जूनेद अली भी जिला स्तरीय व राज्य स्तरीय प्रतियोगिता खेल चुका है। बेटा तीन बार से जिला का चैंपियन है।

सार-समाचार

250 वृद्धजनों का सम्मान किया

कोटा, (निसं)। आर.के. पुरम श्री बालाजी धाम मंदिर समिति ने मंदिर के 25वें स्थापना दिवस को बड़े ही धूमधाम से मनाया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में 250 से अधिक वृद्धजनों का सम्मान किया गया और उन्हें शॉल, दुपट्टा और गीता भेंट की गई। मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि 70 वर्ष से अधिक आयु के वृद्धजनों का विशेष सम्मान किया गया। उन्होंने बताया कि यह कार्यक्रम मंदिर की 25वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया था। समारोह के दौरान अध्यक्ष मनोज गर्ग ने कहा, मंदिर केवल पूजा का स्थान नहीं है, बल्कि समाज सेवा और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने का केंद्र भी है। इस आयोजन के माध्यम से हम समाज के वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान कर उन्हें आभार व्यक्त करते हैं। महासचिव योगेश विजय ने बताया कि इस पावन अवसर पर बालाजी का अभिषेक किया गया। पंडित सुरेंद्र शास्त्री ने उपस्थित जनसमूह को गीता के महत्व पर प्रवचन दिया। उन्होंने गीता के उपदेशों को जीवन में उतारने का संदेश दिया, मंदिर के संरक्षक शिव कुमार सोनी और राम कृष्ण खंडेलवाल ने कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर मंदिर समिति के संस्थापक अध्यक्ष दुर्गाशंकर गौतम का विशेष सम्मान किया गया, जिन्होंने मंदिर के निर्माण और विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। सम्पूर्ण कार्यक्रम में भक्तिमय वातावरण बना रहा और सभी उपस्थित श्रद्धालुओं ने इस पावन अवसर का आनंद लिया।

प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम का आयोजन

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब कोटा प्रान्त 3233 ई-2 ने गीता जयंती के अवसर पर एक अनूठा कार्यक्रम आयोजित कर धर्म और शिक्षा का अनूठा संगम स्थापित किया। अध्यक्ष प्रमोद विजय ने बताया कि राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय (आरएसी) ग्राउंड के सामने शिवपुरा, कोटा में बुधवार, गीता जयंति पर आयोजित इस गीता से संबंधित प्रश्नोत्तरी कार्यक्रम में लगभग 150 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विशेष रूप से उल्लेखनीय यह है कि इस कार्यक्रम में मुस्लिम छात्र-छात्राओं ने भी सक्रिय भागीदारी की और गीता के बारे में सटीक उत्तर देकर सभी को प्रभावित किया। क्लब द्वारा इन सभी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्लब के अध्यक्ष लायन प्रमोद विजय ने कहा, 'गीता केवल एक धार्मिक ग्रंथ नहीं है, बल्कि यह जीवन को सकारात्मक दिशा देने वाला प्रेरणास्रोत है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों को गीता के शाश्वत मूल्यों से परिचित कराना और उनमें धार्मिक सहिष्णुता तथा नैतिकता का विकास करना है। इस कार्यक्रम में क्लब ने 51 गीता की पुस्तकें विद्यालय के छात्रों को वितरित की और लगभग 25 प्रतिभागियों को मोमेंटो प्रदान किए।

प्रमोद नागर को पीएचडी की उपाधि

कोटा, (निसं)। बारां जिले के अंतर्गत आने वाले एक ग्रामीण इलाके बमोरी कलां से प्रमोद नागर ने कमाल करके दिखाया है। वाणिज्य संकाय में उन्होंने शोध कार्य करके अंतराष्ट्रीय स्तर की अमेरिका की प्रसिद्ध ग्लोबल यूनिवर्सिटी ऑफ़ बोस्टन से अपना नाम चयनित करवा के अंतर्राष्ट्रीय सम्मान पीएचडी उपाधि के रूप में हासिल किया है। प्रमोद नागर को उनके विषय कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट मे गोवा मे आयोजित दीक्षांत समारोह मे प्रमोद नागर को डॉक्टरेड पीएचडी उपाधि से सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह में यूनिवर्सिटी के पदाधिकारियों के अलावा गोवा के पूर्व मुख्यमंत्री दिगम्बर कामद और बॉलीवुड स्टार शाहबाज खान भी उपस्थित रहे जिनकी उपस्थिति में प्रमोद नागर को पीएचडी उपाधि प्रदान की गई। प्रमोद नागर की कडी मेहनत व लगन से उनको यह मुकाम हासिल हुआ है समाज सेवा मे हमेशा तत्पर रहने वाले इस युवा का अपने भाग्य ने साथ दिया है।

पालनहार मित्र अभियान शिविर 12 को

कोटा, (निसं)। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित पालनहार योजना का निरन्तर लाभ प्राप्त करने के लिए शाला प्रधान, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा जारी नियमित अध्ययन प्रमाण पत्र, आंगनबाडी पंजीयन प्रमाण पत्र शीघ्र ही पोर्टल पर अपलोड करवाएं। संयुक्त निदेषक सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग सविता कृष्णिया ने बताया कि 12 दिसम्बर को पंचायत समिति परिसर खैराबाद में पालनहार मित्र अभियान के तहत आयोजित षिविर में उपस्थित होकर पालनहार नवीनीकरण के लिए आवेदन विभाग को फॉरवर्ड कराएं। उन्होंने बताया कि घुमन्तु समुदाय (विमुक्त, घुमन्तु एवं अर्द्धघुमन्तु) के आवष्यक दस्तावेज जैसे वोटर आईडी, आधार कार्ड, जनाधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, घुमन्तु जाति पहचान प्रमाण पत्र, मूल निवास प्रमाण पत्र, राशन कार्ड आदि तैयार करवाने एवं अन्य सुविधाएँ उपलब्ध करवाने के लिए खैराबाद में घुमन्तु समुदाय सहायता शिविर आयोजित किया जायेगा जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

हमले के आरोपियों को सजा सुनाई

छबड़ा (निसं)। अपर जिला एवं सेशन न्यायाधीश छबड़ा अविनाश चौधरी ने जानलेवा हमला करने के लगभग 10 वर्ष पुराने मामले का बुधवार को निस्तारण करते हुए पिता पुत्रों को दोषी मानते हुए तीन-तीन वर्ष के साधारण कारावास व पांच-पांच हज़ार रुपये के अर्थदंड से दण्डित किया है। अपरलोक अभियोजक अमृतलाल लोधा ने बताया कि बापचा थाना क्षेत्र के सेवनखेड़ी गांव निवासी भोलेसिंह ने 14 अगस्त 2014 को बापचा थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाते हुए बताया कि उसके व उसके पिता संग्राम सिंह व भाई शिवराज के साथ रास्ते में रेवड़ी पटकने के मामले में घात लगाकर बैठे पिता पुत्रों ने हथियारों के साथ जानलेवा हमला कर दिया था। इस मामले का निस्तारण करते हुए एडीजे अविनाश चौधरी ने सेवनखेडी निवासी दयाचंद (70) पुत्र सिमरथसिंह, केदार (50) पुत्र दयाचंद, गुड्डुलाल (45) पुत्र दयाचंद को दोषी मानते हुए तीन-तीन वर्ष के साधारण कारावास से दण्डित किया है।

चायनीज मांझे के खिलाफ कार्यवाही

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर प्रशासन ने कोटा उत्तर के क्षेत्र में अवैध चाईनीज मांझे के विक्रय व उपयोग की रोकथाम के लिए कमर कस ली है। निगम के आयुक्त अशोक त्यागी ने बुधवार को एक आदेश जारी कर चाईनीज मांझे की बरामदगी व विक्रेताओं के विरूद्ध कार्यवाही हेतु निगम के मुख्य अग्निशमन अधिकारी राकेश व्यास को जिम्मेवारी सौंप दी है। आयुक्त अशोक त्यागी ने बताया कि चाईनीज मांझे की ब्रिक्री एवं उपयोग पर राज्य सरकार द्वारा पूर्ण प्रतिबंध लगाया हुआ है। इसके बावजूद भी कई मांझा विक्रेता चाईनीज मांझे का विक्रय कर रहे है। जिससे पक्षियों व आमजन के साथ अप्रिय घटनाओं के कारित होने का खतरा बना रहता है। चाईनीज मांझे के कारण पूर्व में भी अप्रिय घटनाएं घटित हो चुकी है।

जर्सी वितरित की

कोटा, (निसं)। रेसपीयन ऑफिसर्स पेंशनर्स एसोसिएशन (रोपा) कोटा द्वारा ब्लॉक लाड़पुरा के केबल नगर पीइओ क्षेत्र के राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बोरकुई में सभी कक्षा 1 से 8 तक के अध्ययन कर रहे छात्र-छात्राओं को 73 जर्सी वितरित की गई। रोपा के जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिंह तालचिड़ी एवं सचिव सुरेन्द्र सिंह बत्रा ने बताया कि इस विद्यालय में अत्यंत ही निर्धन भील परिवारों से संबंधित छात्र-छात्राएं अध्ययनरत है, जो अधिकांशतः जगपुरा के आसपास वन्य क्षेत्र से यहां विद्याध्ययन करने पहुंचते हैं, जिनके पास मैजिक वाहनादि के लिये भी पैसे नहीं होते हैं, जिन्हें भी कभी कभार स्टाफ ही वहन करते हैं, शिक्षकों द्वारा बताया गया कि पांच वर्ष पूर्व यहां मात्र 13 विद्यार्थी अध्ययनरत थे, शिक्षकों के अथक परिश्रम से बच्चों की नामांकन संख्या 77 तक पहुंच गयी हैं, ऐसे निर्धन और पिछड़े हुए विद्यार्थियों को रोपा द्वारा 73 स्वेटर जर्सी वितरण की गई तो छात्र-छात्राओं में खुशी देखते ही बनता था, कार्यक्रम में 13 दिसंबर को रोपा कोटा द्वारा देवली मांझी विद्यालय, ब्लॉक सांगोद में 150 विद्यार्थियों को स्वेटर जर्सी वितरण करने का कार्यक्रम है।

के.डी.ए. और निगम ने अतिक्रमण हटाये


कोटा में अतिक्रमण हटाये गये।

कोटा, (निसं)। नगर निगम कोटा उत्तर के क्षेत्र मे बुधवार को कोटा उत्तर निगम व केडीए के संयुक्त अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा 12 दिसंबर को आयोजित होने वाले रन फॉर विकसित राजस्थान कार्यक्रम के दृष्टिगत निर्धारित रूट का निरक्षण किया गया और अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को भी अंजाम दिया गया।

नगर निगम कोटा उत्तर के आयुक्त अशोक त्यागी ने बताया कि निगम व केडीए के संयुक्त दस्ते ने अतिक्रमण सहप्रभारी हनुमाना राम की अगुवाई में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही को भी अंजाम दिया गया। जिससे आयोजन रूट के मार्ग में ठेला-बॉडी लगाकर मार्गों को अवरूद्ध व सकड़ा किया हुआ था वहां से उन अतिक्रमणों को हटाया गया। जिससे आवागमन का मार्ग चौड़ा नजर आने लगा।

अतिक्रमण निरोधक दस्ते द्वारा यह कार्यवाही महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम से अग्रसेन चौराहा, किशोरसागर तालाब, राजकीय संग्राहलय मार्ग, जेडीबी कॉलेज के सामने व सिंघानिया बेडमिंटन हॉल तथा तरणताल तक के क्षेत्र में की गई।

कालिका टीम का गठन किया

कोटा, (निसं)। शिक्षा की नगरी कोटा को ज्ञान की काशी भी कहा जाता है। यहां छात्राओं की सुरक्षा के लिए पुलिस की ओर से सख्त इंतजाम किए हुए हैं ताकि उन्हें किसी भी प्रकार की दिक्कतों का सामना न करना पड़े। यही वजह है कि यहां छात्राओं से अभद्रता की शिकायतें बहुत कम आती हैं। बावजूद इसके अब इस सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक पुख्ता करने और बाजारों में आने वाली महिलाओं को चोर-उचक्के और मनचले से बचाने के लिए 'कालिका' टीम का गठन किया गया है। ये 'कालिका पेट्रोलिंग आर्मी' खासतौर पर महिला पुलिसकर्मियों की होगी जिसमें 80 चयनित महिला पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण के बाद बाजार इलाकों में तैनात किया जाएगा। यह प्रयोग पूरे राजस्थान में किया जा रहा है ताकि बाजारों में महिलाओं की सुरक्षा बढ़ाई जा सके और मनचलों पर नकेल कसी जा सकें। कालिका पेट्रोलिंग आर्मी में शामिल महिला पुलिसकर्मियों की ड्रेस भी अलग तरह की होगी। यहां तक कि इन्हें काली स्कूटी, काला हेलमेट और वायरलेस सेट भी दिया जाएगा। उनकी वर्दी पर भी कालिका टीम का मोनोग्राम लगा रहेगा। कोटा सिटी एसपी डॉ. अमृता दुहन ने बताया कि बाजार इलाकों में किसी भी तरह की अनयूजुअल घटना होने पर टीम की महिला पुलिसकर्मी तुरंत इसकी सूचना कंट्रोल रूम को देगी। उसके बाद स्थानीय पुलिस उनकी मदद के लिए मौके पर पहुंचेगी। साथ ही हेल्पलाईन व घटनास्थलों से आने वाले फोन कॉल के लिए भी ये टीम काम करेगी। एसपी ने कहा कि 15 दिसंबर को सीएम भजनलाल शर्मा पूरे राजस्थान में इस योजना की शुरुआत करेंगे। एसपी डॉ.अमृता दुहन ने बताया कि महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष इंतजामात करने किए जा रहे हैं। इसके लिए नीली वर्दी की पुलिसकर्मिकों की टीम तैयार की जा रही है जिसमें सभी महिला पुलिसकर्मी होंगी। इनके लिए काले रंग की स्कूटी खरीदी जा रही है। जैसे ही स्कूटी मिल जाएगी टीमों को अलग-अलग मार्केटों में शिफ्ट कर दिया जाएगा। चेन स्नैचिंग की वारदातों पर लगाम लगाने के लिए ये टीम प्रभावित रहेगी। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप सैनी के अनुसार पूरे राजस्थान में ही इस तरह की टीम बनाई जा रही है। इनमें जयपुर में 36, उदयपुर व जोधपुर में 12-12, अजमेर में भीलवाड़ा में 10-10 टीमें तैनात रहेंगी। कोटा में इनकी 20 यूनिट है। प्रत्येक यूनिट में चार महिला कांस्टेबल तैनात रहेंगी। यह दो पारियों में काम करेंगी।

क्षय रोग उन्मूलन अभियान चलाया

कोटा, (निसं)। मंडल रेल चिकित्सालय द्वारा 100 दिवसीय टीबी बीमारी उन्मूलन अभियान की दिनांक 11 दिसम्बर को शुरूवात की गई। मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.सुपर्णा सेन राय के निर्देशन में अभियान के प्रथम दिन मालडिब्बा मरम्मत कारखाना कोटा में स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। 247 रेल कर्मचारियों के स्वास्थ्य की जांच की गई। यह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन रेलवे अस्पताल द्वारा दिनांक 23 दिसम्बर तक (10 दिनों तक) चलाया जाएगा। इस अभियान के शुभारंभ पर क्षय रोग जागरूकता हेतु एक ज्ञान वर्धक प्रदर्शनी भी लगाई गई। 100 दिवसीय टीबी बीमारी उन्मूलन अभियान के दौरान नुक्कड़ नाटक, संगोष्ठी, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता एवं रैली के माध्यम से लोगो को क्षय रोग उन्मूलन हेतु जागरूक किया जाएगा।

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4420 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांक - 11.12.24

आवास संख्या 2/346 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्रीमती रुकमणी शर्मा पत्नी श्री कृष्ण कुमार शर्मा को किया गया। श्रीमती रुकमणी शर्मा की मृत्यु दिनांक 27.06.2014 को इनके पति श्री कृष्ण कुमार शर्मा की मृत्यु दिनांक 22.01.2008 को हो जाने के उपरांत उक्त आवास का हस्तांतरण/प्रतिस्थापन वसीयत नामा के आधार पर दिनांक 07.02.2019 को श्री शैलेन्द्र गौत्तम पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार शर्मा के नाम किया गया। तत्पश्चात श्री शैलेन्द्र गौत्तम पुत्र स्व. श्री कृष्ण कुमार शर्मा द्वारा उक्त आवास का उपहार जरिये उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) आलेखित कर दिनांक 01.09.2022 को इनकी पत्नी श्रीमती रीना गौत्तम पत्नी श्री शैलेन्द्र गौत्तम को किया गया। श्रीमती रीना गौत्तम पत्नी श्री शैलेन्द्र गौत्तम द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 2/346 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्रीमती रीना गौत्तम पत्नी श्री शैलेन्द्र गौत्तम का नाम दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्रीमती रीना गौत्तम पत्नी श्री शैलेन्द्र गौत्तम का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में उपहार पत्र (गिफ्ट डीड) के आधार पर श्रीमती रीना गौत्तम पत्नी श्री शैलेन्द्र गौत्तम के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4422 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांक - 11.12.24

आवास संख्या 1-ठ-28 विज्ञान नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री पृथ्वी राज शर्मा पुत्र स्व. श्री सी.एल. शर्मा को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री पृथ्वी राज शर्मा पुत्र स्व. श्री सी.एल. शर्मा द्वारा दिनांक 28.05.1988 को अपने पक्ष में करवाया गया। पंजीयन उपरांत श्री पृथ्वी राज शर्मा पुत्र स्व. श्री सी.एल. शर्मा द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 17.11.1988 को श्री सुराजबाबू मलिक पुत्र श्री चिमनलाल मलिक को किया गया। श्री सुराजबाबू मलिक पुत्र श्री चिमनलाल मलिक द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 31.07.1990 को श्री नरेन्द्र कुमार नन्दवानी एवं श्री अशोक कुमार नन्दवानी पिसरान श्री सुन्दरलाल को संयुक्त रुप से किया गया। श्री नरेन्द्र कुमार नन्दवानी पुत्र श्री सुन्दरलाल द्वारा उक्त आवास का दान जरिये दान पत्र आलेखित कर दिनांक 18.03.2012 को श्री अशोक कुमार नन्दवानी पुत्र श्री सुन्दरलाल को किया गया। श्री अशोक कुमार नन्दवानी पुत्र श्री सुन्दरलाल का नाम दिनांक 20.03.2017 को दान पत्र के आधार पर उक्त आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया। तत्पश्चात श्री अशोक कुमार नन्दवानी पुत्र श्री सुन्दरलाल द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 11.09.2017 को श्री मुजस्सिम अली खान पुत्र श्री आफाक अली को किया गया। श्री मुजस्सिम अली खान पुत्र श्री आफाक अली द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1-ठ-28 विज्ञान नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री मुजस्सिम अली खान पुत्र श्री आफाक अली का दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री मुजस्सिम अली खान पुत्र श्री आफाक अली का नाम दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री मुजस्सिम अली खान पुत्र श्री आफाक अली के नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगरपरिषद क्षेत्र, झालावाड़ (आयुक्त न.परि. झालावाड़)

क्रमांक: भूमि रुपांतरण/2024/5147-5148 — दिनांक: 06.12.2024

लोक सूचना

इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भू-उपयोग परिवर्तन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

क्र. सं.	आवेदक का नाम	आवेदित भूमि का स्थान व खसरा नं.	क्षेत्रफल	प्रयोजनार्थ
1	श्री हसमुख जैन पुत्र श्री डॉ. हरीश कुमार जैन निवासी अनुपम अनुभूति कलक्टर सिविल लाईन रोड झालावाड़	रेल्वे स्टेशन रोड स्थित नरेन्द्र भवन परिसर में भूखंड सं. 2-ए	3200 वर्गफीट	आवासीय से व्यवसायिक
2	श्रीमती निशा यादव पत्नी श्री जगदीश चन्द यादव निवासी एफ-73 इन्द्रा कालोनी झालावाड़	ग्राम खण्डिया खसरा पुराना नं. 214, नया 506/486 में भूखंड सं. 06	2040 वर्गफीट	आवासीय से व्यवसायिक

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 15 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा कर दिया जावेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 06.12.2024 को जारी की गयी।

आयुक्त नगरपरिषद झालावाड़

प्रारूप-10 (नियम 6 (7) देखिए)

कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी नगर पालिका हिण्डोली

क्रमांक 640 — दिनांक-10.12.2024

लोक सूचना

श्री कुन्दन आ. श्री रामकरण, श्री रामलाल आ. श्री मन्ना एवं श्री हेमाराम आ. श्री रामकरण कि संयुक्त खातेदारी भूमि का इस कार्यालय में निम्न उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिधृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात:-

जिले सहित तहसील का नाम	ग्राम का नाम	खसरा सं. एवं क्षेत्रफल	प्रयोजन
जिला बून्दी तहसील हिण्डोली	हिण्डोली	6246/2266 रकबा 0. 1619 में से 0.1306 है.	आवासीय

इसलिये, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिधृति अधिनियम, 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिये भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिधृत अधिकारों के निर्वाचन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपयुक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तद्नुसार मामले का निपटारा किया जायेगा।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज 10.12.24 को जारी की गयी।

प्राधिकारी अधिकारी अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका हिण्डोली

राजस्थान आवासन मण्डल कोटा वृत्त कोटा

क्रमांक 4316 — **जाहिर आम सूचना** — दिनांक - 29.11.24

आवास संख्या 1/79 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा का आवंटन मंडल द्वारा श्री नरेश जैन पुत्र श्री नरोत्तम लाल जैन को किया गया था। इस आवास का पंजीयन श्री नरेश जैन पुत्र श्री नरोत्तम लाल जैन द्वारा दिनांक 27.03.2004 को अपने पक्ष में करवाया जा चुका है। पंजीयन उपरांत श्री नरेश जैन पुत्र श्री नरोत्तम लाल जैन द्वारा उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 31.03.2004 को श्री असीम कुमार गोस्वामी पुत्र श्री नारायण कृष्ण गोस्वामी को किया गया। श्री असीम कुमार गोस्वामी पुत्र श्री नारायण कृष्ण गोस्वामी का नाम दिनांक 31.01.2006 को विक्रय पत्र के आधार पर मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया है। तत्पश्चात श्री असीम कुमार गोस्वामी पुत्र श्री नारायण कृष्ण गोस्वामी द्वारा इस आवास से संबंधित समस्त कार्य करने हेतु अपनी ओर से दिनांक 18.04.2008 को मुख्तारनामा आम आलेखित कर श्री दिलीप कुमार छाजेड़ पुत्र श्री सौभागमल छाजेड़ को अपना मुख्तार आम नियुक्त किया गया। श्री दिलीप कुमार छाजेड़ पुत्र श्री सौभागमल छाजेड़ मुख्तार आम श्री असीम कुमार गोस्वामी पुत्र श्री नारायण कृष्ण गोस्वामी द्वारा मुख्तारआम धारक की हैसियत से उक्त आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 01.01.2010 को श्री मुकेश कुमार मीणा पुत्र श्री हरिनारायण मीणा को किया गया। श्री मुकेश कुमार मीणा पुत्र श्री हरिनारायण मीणा का नाम दिनांक 16.03.2012 को विक्रय पत्र के आधार पर मंडल अभिलेख में दर्ज किया गया है। तत्पश्चात श्री मुकेश कुमार मीणा पुत्र श्री हरिनारायण मीणा द्वारा इस आवास का बैचान जरिये विक्रय पत्र आलेखित कर दिनांक 26.02.2024 को श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह एवं श्री शक्ति सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह को संयुक्त रुप से किया गया। श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह एवं श्री शक्ति सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह द्वारा इस कार्यालय में प्रतिवेदन प्रस्तुत कर आवास संख्या 1/79 स्वामी विवेकानन्द नगर कोटा को विक्रय पत्र के आधार पर अपना नाम आवास के मंडल अभिलेख में संयुक्त रुप से दर्ज करने हेतु आवेदन किया गया है।

अतः उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह एवं श्री शक्ति सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह के नाम संयुक्त रुप से दर्ज करने में किसी भी पक्षकार/व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के अन्दर इस कार्यालय को सूचित करें। अन्यथा यह मानते हुये कि उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह एवं श्री शक्ति सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह का नाम संयुक्त रुप से दर्ज किये जाने में किसी भी व्यक्ति/पक्षकार को कोई आपत्ति नहीं है। उक्त आवास के मंडल अभिलेख में विक्रय पत्र के आधार पर श्री धर्मेन्द्र सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह एवं श्री शक्ति सिंह पुत्र श्री राजेन्द्र सिंह के नाम संयुक्त रुप से नाम दर्ज कर दिया जावेगा।

उप आवासन आयुक्त राजस्थान आवासन मण्डल, कोटा वृत्त कोटा

कोटा के साइंटिस्ट आर्यन सिंह एवं भाजपा नेता अरविन्द सिसौदिया का सम्मान किया

कोटा, (निसं)। भाजपा शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन के नेतृत्व में भाजपा कार्यालय में साफा एवं दुप्पटा पहना कर साइंटिस्ट आर्यन सिंह तथा भाजपा के वरिष्ठनेता अरविन्द सिसौदिया का सम्मान किया गया।

शहर जिला अध्यक्ष राकेश जैन ने इस अवसर पर बताया कि कोटा के निवासी सांइटिस्ट आर्यन सिंह एवं उनकी टीम के सदस्य साइंटिस्ट ऋषिराज सिंह एवं स्टार्टअप मार्गदर्शक जितेन्द्र वर्मा ने कृषिक्षेत्र में ऑल इन वन की थीम पर आधुनिक मशीन एग्ररोबाट बनाई है जो एआई और आईडीटी के आधार पर काम करेगी। जो खेत में हकाई, जुताई, बुवाई, सिंचाई और कटाई आदि के कार्यों को सम्पादित करेगी एवं सौर ऊर्जा के माध्यम से कार्य करेगी।

■ **भाजपा जिलाध्यक्ष राकेश जैन द्वारा साफा एव दुपट्टा से सम्मान किया**

कोटा भाजपा कार्यालय में अभिनंदन कार्यक्रम हुआ।

इस नवाचार तकनीक के लिये कोटा के आर्यन सिंह को राष्ट्रपति द्वारा जनवरी 2024 में सम्मानित किया जा चुका है। सिंह के अविष्कार की सराहना प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने करते हुए राईजिंग राजस्थान अर्न्तराष्ट्रीय सम्मिट जयपुर में उपरोक्त आधुनिक मशीन का अवलोकन किया एवं उज्जवल भविष्य की कामना प्रधानमंत्री द्वारा की है। इस दौरान राज्यपाल, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी भी मौजूद थे। जिला अध्यक्ष जैन ने बताया कि कोटा भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं कोटा संभाग के मीडिया संयोजक अरविन्द सिसौदिया को राजस्थान सरकार के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की अनुशंसा और शिक्षा मंत्री मदन दिलावर के निर्देश पर राजस्थान राज्य पाठयपुस्तक मण्डल में शिक्षा प्रोत्साहन प्रन्यासी नियुक्त किया गया है। जो कि राजस्थान की प्रारम्भिक एवं माध्यमिक शिक्षा के शिक्षण के प्रोत्साहन एवं पाठय-पुस्तकों के प्रकाशन एवं वितरण की महती भूमिका का निर्वाह करती है।

सिसोदिया ने पूर्व में भाजपा के जिला महामंत्री, जिला उपाध्यक्ष सहित मीडिया के क्षैत्र में अनेकों दायित्वों का निर्वाहन किया है। उन्हे शिक्षा के उन्नयन के क्षैत्र में काम करने का नया अवसर निश्चित ही राष्ट्रवादी विचारधारा को दिशा देने का काम करेगी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से राजस्थान गुजर गौड ब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष विशाल शर्मा, भाजपा के जिला उपाध्यक्ष एवं सक्रिय सदस्यता अभियान के जिला संयोजक रितेश चित्तौड़ा, जिला सहसंयोजक पवन सिंह हाड़ा, जय हरसिद्ध दिवाकर जस्सू, अरविन्द जौहरी, प्रदीप राठौर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।